
NATH GROUP

# नाथवार्ता

द्वितीय अंक : जनवरी 2011

नाथ बायो-जीन्स (इं) लि. की त्रैमासिक गृहपत्रिका




## संपादकीय चिट्ठी...

### नववर्ष की शुभकामनाएँ!

'नाथवार्ता' का यह दूसरा अंक आपको सुपूर्द करते हुए हमें बडी प्रसन्नता हो रही है। इस प्रसन्नता के कई कारण हैं। सबसे पहला कारण है हमारे प्रथमांक को मिली भरपूर सराहना व उसका हुआ शानदार स्वागत। यह सराहना हमें सभी ओर से मिल रही है। दूरदराज के अल्पशिक्षित से लेकर सर्वसाधारण तक व शिक्षित वर्ग के उच्च अधिकारियों से भी भरपूर सराहना मिली है। और साथ साथ कुछ बीज कंपनीयों को हमने पहला अंक स्नेहादरपूर्वक भेजा था, उन कंपनियों के उच्चशिक्षित, उच्च पदस्थ अधिकारीयों से भी सराहना व स्वागत सभी जगहों से मिली है। साथ साथ नाथ की ब्रांचेस, कर्मचारी, उनके परिजन, हमारे वितरक, विक्रेता, व्यापारी बंधू, इन सभी की तरफ से हमे शाबाशियाँ मिल रही है, तथा अनेक उपयुक्त सुझाव भी हमे प्राप्त हो रहे है। फोन, ई-मेल, एसएमएस, तथा लिखित रूप में पाठकों ने अपनी प्रतिक्रियाएं हमे भेजी हैं। हम सभी के आभारी है, और भविष्य में इनका सहयोग व प्रेरणा मिलती रहे।

प्रसन्नता का दूसरा कारण है, नये साल की शुरूवात। नववर्ष इ. स. 2011 की हार्दिक व ढेरसारी शुभकामनाएँ हम ईस चिठ्ठी द्वारा प्रेषित करते है। नववर्ष एक नई उमंग जगाता है। हमारी प्रार्थना है, कि नये वर्ष का सूरज हमारी जिंदगी, व्यवसाय को और प्रकाशमान करें। नया वर्ष यशदायी एवं सुखदायी हो।

बिता हुआ वर्ष जैसा भी हो, वह हमारे दिल में रहता है।फिर भी हम चाहते है कि नववर्ष और भी अच्छा रहे। एक नयी आशा लेकर तथा एक नया संकल्प ले कर नये वर्ष का हम स्वागत करें। नववर्ष में नया संकल्प नयी विधियाँ, नयी तकनिक अपनाने का है। अधिक सचेत व सतेज होने का है। हमारी भारतीय कृषिसंस्कृति की यह परम्परा रही है, कि विपरीत परिस्थितीयों में भी हमारे किसान उम्मीद का दामन नहीं छोड़ते। भारत के सभी किसानों को 'नाथवार्ता' की ओर से अभिनन्दन व प्रणाम!

प्रथमांक में हमने 'नाथवार्ता' के उद्देश्य व प्रारूप के बारे में संक्षेप में लिखा था। हमारा प्रयास रहेगा कि हम आपकी उम्मीदों की पूर्ती कर सकें। आपका सहयोग व प्रेरणा मिलती रहेगी यह हमारा विश्वास है!

नववर्ष की शुभकामनाओं के साथ...

आपके स्नेहाभिलाषी,

'नाथवार्ता' टीम



# नाथ मुख्यालय के प्रांगण से...



## ईसारवाडी अनुसंधान कार्य का निरीक्षण

कम्पनी चैयरमैन श्री. नन्दकिशोर कागलीवालजी, प्रबन्ध निर्देशक श्री. सतीश कागलीवालजी एवं अनुसंधान निर्देशक डा. एस. के. रैनाजी इन्होंने दिनांक 01 अक्टूबर 2010 को ईसारवाडी अनुसंधान फार्म का निरीक्षण किया। उन्होने कपास, मक्का एवं बाजरा का अनुसंधान कार्य देखा। अनुसंधान से निकल कर आई हुई नई-नई प्रजातियों का निरीक्षण करते हुए सराहना की। और आशा जताई कि, आनेवाले दो-तीन वर्षों में हम निश्चित रूप से अनुसंधान के क्षेत्र में अग्रणी रहेंगे।

- रामचंद्र पाल





## रतलाम के किसानों की भेंट

नाथ बायो-जीन्स इंडिया लिमिटेड के औरंगाबाद स्थित मुख्यालय को देशभरसे आये किसानों के ग्रुप हमेशा व्हिजिट करते रहते है। हाल ही मे रतलाम के किसानों का एक ग्रुप औरंगाबाद मुख्यालय आया था। इनका नेतृत्व रतलाम के कृषि अधिकारी श्री. शर्माजीने किया था। कंपनी की ओर से वरिष्ठ महाप्रबंधक श्री. संतोष जोशीजीने ग्रुप का स्वागत किया। श्री. सुधीर सेवेकरजीने कंपनी के बारे मे किसानों को बताया तथा सभी को नववर्ष की शुभकामनांए दी। कंपनी के विभिन्न उत्पादनों के बारे में, खासकर सब्जीभाजी के बीज के बारे मे श्री. मंजुनाथजीने जानकारी दी। रतलाम क्षेत्र मे कपास के साथसाथ सब्जीभाजी की काश्तकारी बडे क्षेत्र में की जाती है। कपास के लिये एक्सप्रेस, अर्जुन-21 तथा जगन्नाथ-2 किस्मों की किसानों को विस्तार से जानकारी दी गयी।



NBIL has launched it's quarterly newsletter 'Nath Varta' recently. seen in the photograph (From L to R) Mr. Sudhir Sevekar, Santosh Joshi, Satish Kagliwal, Nandkishor Kagliwal and Shivshankar Falke.
Nath Varta will foster the relationship between the staff members, their families, distributors, dealers, branches, farmers and all those related with NBIL.

## संबंध मधूर बनाने में 'नाथवार्ता' बडा योगदान देगा! - नंदकिशोरजी कागलीवाल

"नाथ ग्रुप के कर्मचारी, विक्रेता, किसान तथा सभी संबंधित समुहों के साथ संबंध अधिक दृढ एवं मधूर बनाने में "नाथवार्ता" अवश्य ही योगदान देगा!" यह है ग्रुप अध्यक्ष श्री. नंदकिशोर कागलीवालजी के उद्‌गार, जो उन्होंने 'नाथवार्ता' प्रथमांक विमोचन के अवसरपर निकाले। नाथ ग्रुप के सभी वरिष्ठ गण एवं कर्मचारी गण इस अवसरपर बडी संख्या मे उपस्थित थे। मंचपर प्रबंध संचालक, सतीश कागलीवालजी, वरिष्ठ महाप्रबंधक संतोष जोशी, नाथवार्ता के डिझायनर शिवशंकर फाळके तथा समन्वय संपादक सुधीर सेवेकर विराजमान थे।

आरंभ मे श्री. सेवेकरजीने सभी का स्वागत किया तथा 'नाथवार्ता' के प्रमुख उद्देशों की जानकारी दी। श्री. फाळकेजीने इस अंक को सुंदर बनाने के लिये किये गये प्रयासों की जानकारी दी। अंक का विमोचन ग्रुप अध्यक्ष श्री. नंदकिशोर कागलीवालजी के करकमलों द्वारा किया गया। अपने भाषण मे कागलीवालजी ने सभी संबंधितों को बधाई देते हुए 'नाथवार्ता' प्रथमांक की प्रशंसा की तथा अगले अंक से वह अपना भी संदेश 'नाथवार्ता' मे अवश्य देंगे ऐसी अपनी इच्छा प्रगट की।

प्रबंध संचालक सतीश कागलीवालजीने 'नाथवार्ता' को शुभकामनाएँ देते हुए, यह अंक हमारे सभी ब्रांचो तथा सभी संबंधित लोगों के लिये है, अतः उसमे हर कोई अपना योगदान अवश्य देने का आवाहन भी उन्होंने किया। 'नाथवार्ता' प्रथमांक तुरंत सभी उपस्थितों को दिया गया। उपस्थित लोगों ने उसका सहर्ष स्वागत किया।

## 'नाथवार्ता' का शानदार स्वागत!

'नाथवार्ता' टीम को यह बताते हुए अतीव हर्ष होता है की 'नाथवार्ता' प्रथमांक का स्वागत बहुत ही शानदार तरीके से हुआ है। हमारे ब्रांचो के कई सहयोगीयों ने फोन, एसएमएस तथा ई-मेल द्वारा अपनी प्रतिक्रियाएं दी है। जिसमे अभिरंजन द्विवेदी (जयपूर), सुभाष संधू (भटिंडा), नंदकिशोर मानकर (इंदोर), राजेश रंजन (पटना), मनसुख पिपालिया (अहमदाबाद) इनका उल्लेख उदाहरण के तौर पर अवश्य किया जाना चाहिये।

महाराष्ट्र, गुजराथ राज्य के कुछ हमारे वितरक भाईयों ने भी इस प्रथमांक पर अपना संतोष प्रकट किया तथा भविष्य के लिये शुभकामनाएँ दी। रतलाम तथा अन्य जगह से औरंगाबाद मुख्यालय व्हिजीट के लिये आये कई किसान भाईयों ने भी 'नाथवार्ता' प्रथमांक की प्रशंसा की है। इससे हमारा हौसला अवश्य ही बढा है। तथा हमें खुशी भी हुई है। दै. 'सकाळ', 'सामना' तथा अन्य कुछ पत्रपत्रिकाओंने भी इस प्रथमांक विमोचन समारोह को अपने पृष्ठे पर प्रमुख स्थान दिया है।

# ब्राँचेस की गतिविधीयाँ...




## Nath Poha Revolution

Surat in Gujrath State has hundreds of 'Poha' making mills. It supplies Poha to Mumbai & many parts of the country in large quantities. For making 'Poha', a special type of paddy is required. NBIL has specially developed this special variety of Paddy. This has been named as 'Nath Poha'. "This variety will create a revolution in the 'Poha' business in & around Surat District" said many experienced farmers from surat district who grow paddy for poha mills. Our Gujarat branch has undertaken a big campaign to push this 'Nath Poha' paddy variety in Surat dist. The results of this campaign are being seen. 'Nath Varta' team extends it's greetings & congrats our Gujarat team!

# ब्राँचेस की गतिविधीयाँ...




Mr. Satish Kagliwal (M.D.) addressing the Maharashtra Distributors' Meet held at Aurangabad in Dec. 2010. Also seen in the picture are (from L to R) Mr. R. G. Nake, Mr. S. U. Baig, Mr. Nandkishor Kagliwal (Chairman), Dr. S.K. Raina and Dr. C. S. Pathak. The Advance Booking Scheme for Kharif 2011 was launched in this meet. The winners of the K - 2010 scheme were announced through an exciting `lucky draw'. Distributors welcomed the K - 2011 scheme with jubilant mood and expressed their satisfaction about the scheme.

## पुरस्कारों की बौछार




हमारे महाराष्ट्र ब्रांच ने खरिप - 2010 के लिये एक 'लकी ड्रॉ इनामों' की योजना जारी की थी। यह योजना फ्युजन बीटी एक्सप्रेस तथा फ्युजन बीटी अर्जुन-21, इन दो कपास प्रजाती के बिक्री के लिये हमारे विक्रेता-व्यापारी बंधुओं के लिये रखी थी। जिसमें मारूती अल्टो कार, मोटारसाईकील, टेबलटॉप कम्प्युटर, लॅपटॉप, सोने के सिक्के आदि कई ईनाम थे। इसे बहुत अच्छा रिस्पॉन्स मिला। हमारे विक्रेता-व्यापारी बंधू पुरस्कारों की ईस बौछार से निहायत ही प्रसन्न हुये। जब 'लकी ड्रॉ' द्वारा विजेताओं के नाम घोषित किये गये, तो उपस्थित विक्रेताओं का जोष और उनका आनंद अपनी चरम सीमा पर था। सभी विजेताओं को नाथवार्ता टीम की बधाई।

और हां जिन्हें कोई ईनाम नहीं मिला, उन्हे एक प्यार का मश्वरा - भाईयों निराश मत होई ये, अगले पुरस्कार स्कीम मे हिस्सा लिजिये। कभी ना कभी तो ईनाम अवश्य निकलेगा! आखिर कहते है नां, की उम्मीद पर ही तो दुनिया कायम है। तो ना उम्मीद मत होईये!




## संकर धान लोकनाथ 510 का जोरदार फसल प्रदर्शन...

उत्तर प्रदेश के फैजाबाद, बहराइच, बाराबंकी, सुल्तानपुर, प्रतापगढ़ एवं ईलाहाबाद में जबरदस्त पैदावार का प्रदर्शन किया है। यहाँ के किसानों ने लोकनाथ 510 की बाली की लम्बाई व प्रति बाली दानों की अधिक संख्या को खूब सराहा है। नाथ सीडस् का यह संकर धान पूरे उत्तर भारत में अपनी अलग छाप छोडने में कामयाब हुआ है।

डॉ. मुकेश गौतम कृषि निदेशक, उत्तर प्रदेश का कृषि मेले में स्वागत करते हुए नाथ बायो-जीन्स के सहायक प्रबन्धक श्री. एस. डी. पाठक।






Mr. M. N. Pipaliya addressing the gathering of co-operative society officials from Surat District. Also seen in the picture are (from L to R) Mr. Santosh Joshi, Mr. S. U. Baig, Jayanti Bhai, Atul Bhai. The gathering was held at Aurangabad. Some 50 co-operative society office bearers visited NBIL headquarter at Aurangabad. Mr. Baig, Dr. Raina showed them the state of art Bio-tech laboratory and R&D facilities. These visitors from Gujarat State expressed their satisfaction over the activities of NBIL and the hospitalities extended to them.


## सुरत सहकारी मंडली के पदाधिकारी नाथ मुख्यालय व्हिजिट से प्रसन्न हुये।

कृषी तथा उद्योग के साथ साथ अन्य कई क्षेत्रों मे प्रगती कर गुजराथ राज्य आज देश का एक महत्त्वपूर्ण राज्य बना है। गुजराथ राज्य के हर जिले मे सहकारी संस्थाए बडी संख्या मे कार्यरत है। ये संस्थांए किसानों के हित के लिये महत्त्वपूर्ण कार्य करती है। हाल ही मे सुरत जिले के बार्डोली, नवसारी, कडोदरा इत्यादि जगह मे कार्यरत सहकारी संस्थांओं के लगभग साठ पदाधिकारी एवं कार्यकर्ता कंपनी के मुख्यालय में आये। उन्होंने कंपनी के कार्य को देखा। यहाँ के कार्य के बारे मे उन्हे डॉ. रैना साहब, तथा अन्य वरिष्ठोंने जानकारी दी।

खास सुरत जिले के जरूरत को ध्यान मे रखकर विकसित किये गये 'नाथ पोहा' धान प्रजाती के बारे मे श्री. बेग साहब ने मार्गदर्शन किया। कंपनी के उत्तर भारत के वरिष्ठाधिकारी श्री. एस. डी. पाठकसाहब ने धान के नर्सरी के बारे मे अमूल्य मार्गदर्शन किया। मेहमानों की तरफ से श्री. अतुलभाई, जयंतीभाई, मनुभाई, जितूभाई, मनिषभाई, कल्पेशभाई, तथा हिरेनभाई ने अपने विचार व्यक्त किये। प्रबंध संचालक सतीश कागलीवालजीने सुरत सहकारी मंडली पदाधिकारीयों का कंपनी की तरफ से स्वागत किया तथा उनके जरूरतों के प्रति कंपनी अवश्य ध्यान देगी ऐसा विश्वास दिलाया।

यह व्हिजिट का आयोजन तथा कार्यक्रम का संचालन गुजराथ शाखा के प्रमुख श्री. मनसुखभाई पिपालियाजी ने किया। इस व्हिजिट से सहकारी मंडली का नाथ कंपनी के साथ का रिश्ता और भी मजबूत हुआ है, ऐसी प्रतिक्रियाँ मेहमानों द्वारा व्यक्त की गयी। आभार प्रदर्शन श्री. सुधीर सेवेकरजीने किया। इस व्हिजीट मे कंपनी के गुजराथ ब्रांच के श्री. अभिप्रा, बिपीनभाई पटेल तथा उनके सहयोगी भी शामील थे।

## मिर्च अनुसंधान समग्र प्रगति की ओर



नाथ बायो-जीन्स का मिर्च अनुसंधान कार्य महत्त्वपूर्ण उपलब्धीयों की ओर अग्रेसर है। सब्जीयों में मिर्च का महत्त्व भारतीय परिपेक्ष में बहुत अधिक है। हमारी कंपनी के कुछ नये हाईब्रिडस् किसानों के पहुंच की ओर अग्रेसर है। कंपनी के संशोधन प्रकल्प में किसान, विक्रेता और कंपनी स्टाफ द्वारा निरीक्षण हुआ और उन्होंने मिर्च हाईब्रिडस् की सराहना की। किसान बंधुओं ने अपने पसंद के हाईब्रिडों की चर्चा हमारे साथ की और बिजों की उपलब्धता के बारे में अपेक्षा की। इस अनुसंधान के तहेत मुख्य किस्मों के संकर तयार किये गये है। जैसे हरी मिर्च, लाल मिर्च, भज्जी मिर्च इन सभी जातियों की उत्पादन क्षमता अधिक है और फलों की गुणवत्ता भी अच्छी है। इस समय आठ जातीयां विकसीत की गयी है। और ये जातीयां जल्द ही किसानों को उपलब्ध होंगी। सब्जी अनुसंधान ग्रुप की ओर से ये अनुरोध है की अगला वर्ष मिर्च वर्ष मनाया जाये।

- विजिटेबल रिसर्च ग्रुप

फॅमिली पेज...

# Happy Birthday !

## January

Amit Kumar Bharadwaj, Arun Kumar Mishra, Arun Shete, Miltry Sailu, Ananta Wakte, Vilas Chavan, Rajeshwar Chaubey , Bhausaheb Rautrai, Ram Chandra Pal, Suristha Kumar, A. M. Pagore, Jitendra Kumar, Sandip Rathod, Vishal Peherkar, S. S. Lingayat, Janardhan Kotwade, Shrawan Kumar, Navin Kumar Tiwari, Madhukar Dhakne, Surendra Pal Singh, Sushil Kumar Sharma, Raju Korade, Kapil Devmurari, Kailash Deshmukh, Sandip Waghule, Ganesh Deore, Vijay Sonwane, M. M. Pagare, Sudhakar Borade, Ramachari Thumula , Rahul Kumar, Mukesh A. Chudasama

## February

S. N. Barsale, Aditya Kumar Dwivedi, Subhash Deshmukh, Parimal Das, Satish Kumar, S. K. Mushtaqe, Chandrabhan Aher, A.R. Ratnaparkhi, Sachin Shinde, P.k. Singh, Vitthal Pokale, Suresh Dhokrat, S. S. Agrawal, Mininath Nake, Santosh Ronghe, Naresh Regulla, Bhagwan Patil, Gajanan Kharate, D.balwant Kishan Rao, Amol Deshmukh, Kiran Shinde.

## March

Rangnath Madge, N. T. Gopal, Jagsir Singh Bhangu, Dinesh Heda, Navnath Mapari, Kuldeep Singh Sandhu, N. U. Garad, Jagadeesha Gouda, Shivprasad Koppad, Janardhan Pawar, Vishal Rupanwar, M. Naganna, C. J. Rahatwad, Rajendra Rajwat, Vikash Singh, B. Laxman, Suresh Jadhav, Ganesh Raj Singh, Ammu Srinivasu, K. Pirahalthan, Sudhir Kulkarni, Pradip Patil, Abdul Kaiser Abdul Gani



# APL CRICKET - 2

Aappulki Premier League – 2 was held at Battalion Ground, Satara, Aurangabad with great enthusiasm.

WINNER - JOINTLY - GOLDEN LIONS AND BLACK CHEETAHS

**GOLDEN LIONS** : Devinder Khurana, Vijay Saboo, Santosh Ghate, Ravi Narvade, Nagre Appa, Mininath Nake, Gajanan Shete, R.B. Sharma, Sumit Radekar, Maske, Raju Korde, Ganesh Raut.

**BLACK CHEETAHS** : M.D. Deshpande, Dr. Raina, Wamsi, Kolte, R.b. Shaikh, Kolhe, Gadekar, Venu, Parikh, Rathod, Mirza, Kulkarni.

NATH GROUP PRESENTS Aappulki PREMIER LEAGUE APL-2

Following persons got the awards declared by individuals,

| AWARD | SPONSOR | WINNER | TEAM |
|---|---|---|---|
| Best Catch | Nitin Kulkarni | Venu | Black Cheetah |
| Maximum Four | Dr. Raina | Rafiq Shaikh | Black Cheetah |
| Maximum Sixes | S.U. Baig | Rafiq Shaikh | Black Cheetah |
| Man of First Match | Subhash Kagliwal | Ravi Narvade | Golden Lion |
| Man of Second Match | Subhash Kagliwal | Rafiq Shaikh | Black Cheetah |
| Man of Final Match | Subhash Kagliwal | M.M. Kolte | Black Cheetah |
| Best Batsman | Anil Kagliwal | Rafiq Shaikh | Black Cheetah |
| Best Bowler | Manu Kagliwal | Ravi Narvade | Golden Lion |
| Man of APL 2 | Akash Kagliwal | Rafiq Shaikh | Black Cheetah |

- Sweta Kagliwal, Chairman, Aapulki

'नाथवार्ता'
नाथ बायो-जीन्स (इं) लि. की त्रैमासिक गृहपत्रिका
निःशुल्क निजी वितरण के लिए
हिंदी तथा अंग्रेजी भाषा में प्रकाशित

नाथवार्ता टीम
प्रबंध संचालक
श्री. सतीश कागलीवाल
प्रकाशक
श्री. संतोष जोशी
डिझाईन-सजावट
श्री. शिवशंकर फाळके
संपादकीय समन्वय
श्री. सुधीर सेवेकर

## अनुरोध

आप को यह अंक कैसा लगा वह आप पत्रद्वारा अवश्य बतायें. आप के पत्र अगले अंक मे अवश्य सम्मिलित किये जायेंगे. पता बाजु मे दिया है. अवश्य लिखिये !

पत्राचार एवं संपर्क के लिए पता -
'नाथवार्ता' द्वारा नाथ बायो-जीन्स(इं)लि.
नाथ रोड, नाथ हाऊस, औरंगाबाद-431 001.
फोनः 0240-2376313 से 17,
फॅक्सः 0240-2376188
ईमेलः falke@nathseeds.com